माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

प्रायोगिक परीक्षा 2024 बाबत् परीक्षार्थियों, विद्यालयों एवं परीक्षकों को आवश्यक निर्देश

क्रमांकः गोपनीय/सी.सै./01 दिनांक : 13-01-2024

1. उच्च माध्यमिक परीक्षा 2024 के नियमित परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाऐं 18 जनवरी, 2024 से 14 फरवरी, 2024 तक तथा **स्वयंपाठी परीक्षार्थियों** की प्रायोगिक **परीक्षाऐं 15 फरवरी से 20 फरवरी, 2024 के मध्य** सम्पादित होंगी।
2. प्रायोगिक परीक्षा से संबंधित विद्यालयों की सामग्री यथा उत्तर–पुस्तिकाएँ, ग्राफ पेपर, ड्रॉईंग शीट्स (भूगोल व चित्रकला प्रायोगिक परीक्षा हेतु) आदि बोर्ड द्वारा बनाये वितरण केन्द्रों पर भिजवाई जा रही है। शाला प्रधान इन केन्द्रों से प्रायोगिक परीक्षा सामग्री प्राप्त करावें।
3. विद्यालयों में विषयवार नियुक्त बाह्य परीक्षकों की सूची, नामावली (रोल नं.) तथा प्रायोगिक परीक्षा के अनुदेश आदि बोर्ड वेबसाईट पर अपलोड किये जायेंगे, जिसे शाला प्रधान अपनी ID पासवर्ड से प्रिन्ट कर लें। इसके अतिरिक्त परीक्षा सम्बन्धित आवश्यक सूचनायें भी समय-समय पर बोर्ड वेबसाईट **https:rajeduboard.rajasthan.gov.in** पर अपलोड की जायेगी। अतः सभी शाला प्रधान विशेष कर परीक्षा अवधि में नियमित रूप से बोर्ड वेबसाईट का अवलोकन करावें।
4. बोर्ड द्वारा नियुक्त बाह्य परीक्षकों को नियुक्ति की सूचना उनके पंजीकृत मोबाइल पर SMS से भिजवाई जायेगी। परीक्षकों को लॉगिन करने पर उन्हें आवंटित विद्यालयों की सूची/नियुक्ति प्राप्त होगी।
5. प्रायोगिक परीक्षा के दौरान विद्यालय में नियत तिथि को **अनुपस्थित** रहने वाले परीक्षार्थी की परीक्षा उसी परीक्षक द्वारा उसी विद्यालय में लिए जा रहे अन्य बैच में शाला प्रधान की विशेष अनुमति से कराई जा सकेगी। किसी भी स्थिति में अन्य परीक्षक अथवा अन्य विद्यालय में परीक्षा की अनुमति नहीं दी जाएगी, तथा परीक्षार्थी को अनुपस्थित मानकर परिणाम जारी कर दिया जाएगा। जिसके लिये शाला प्रधान एवं परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार रहेगें।
6. **स्वयंपाठी परीक्षार्थियों** की प्रायोगिक परीक्षाओं की सूचना एवं प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाईट पर प्रायोगिक परीक्षा के एक सप्ताह पूर्व अपलोड की जायेगी। **स्वयंपाठी परीक्षार्थी** अपना प्रवेश--पत्र डाउनलोड कर परीक्षा में प्रविष्ठ होवें।
7. प्रायोगिक परीक्षा हेतु परीक्षा प्रारम्भ से प्रायोगिक परीक्षा समाप्ति तक बोर्ड की गोप. शाखा में स्थापित नियंत्रण कक्ष दूरभाष सं. 0145–2620739, 2623776 व तकनीकी (आई टी संबंधित) जानकारी हेतु 0145–2632865, 2627454 ई–मेल **bserconf2018@gmail.com** पर सम्पर्क किया जा सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी, माध्य. मुख्यालय में भी नियंत्रण कक्ष उक्त अवधि में कार्यरत रहेगा।
8. शाला प्रधान एवं नियुक्त बाह्य परीक्षकों हेतु प्रायोगिक परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी/दिशा निर्देश बोर्ड की वेबसाईट **https:rajeduboard.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

सचिव